उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार

संख्या :: **206/23/E-01/DR/PCS/2023-24** दिनांक :: 28 मार्च, 2024

निस्तारण आदेश

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024 के सम्बन्ध में निम्नलिखित आवेदकों के प्रत्यावेदन आयोग कार्यालय में प्राप्त हुए है, जिन्हें सम्यक् रूप से विचारित करते हुए निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ–03 के अनुसार निस्तारित कर दिया गया है–

क्र.सं.	अनुरोधकर्ता का नाम	निस्तारण
01.	श्री मनोज खुल्बे	उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या– 48/XVII-A-3/2023-01(11)/वि0क0/2017, दिनांक–05.06.2023 के अनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन में उल्लिखित पदों में से “BOTH HAND” दिव्यांगता श्रेणी हेतु कोई भी पद चिह्नित नहीं होने के दृष्टिगत अनुरोधकर्ता द्वारा प्रत्यावेदन में दिव्यांगता की “BOTH HAND” उपश्रेणी के अन्तर्गत आवेदन करने के सम्बन्ध में किये गये अनुरोध को अस्वीकार्य करते हुए प्रत्यावेदन निस्तारित किया गया है।
02.	श्री मनोज थपलियाल	उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रेषित अधियाचन एवं अधिसूचना संख्या–107/XXX(2)/2014/55(41)2004, दिनांक 25.02.2014 द्वारा निर्गत उत्तराखण्ड सेवाओं में भर्ती (आयु सीमा) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2014 के अनुक्रम में विज्ञापन के बिन्दु संख्या–08 में आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 42 वर्ष निर्धारित है तथा उत्तराखण्ड सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) नियम–2005 में उल्लिखित प्राविधानानुसार डिप्टी कलेक्टर पद हेतु अधिकतम आयुसीमा में 02 वर्ष की छूट प्रदान की गयी है। उक्त के आधार पर अनुरोधकर्ता द्वारा अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष किये जाने सम्बन्धी अनुरोध को अस्वीकार्य करते हुए प्रत्यावेदन निस्तारित किया गया है।
03.	श्री देवेन्द्र सिंह नेगी	अनुरोधकर्ता द्वारा भारत सरकार के पत्र दिनांक 10.10.1994 के आधार पर प्रश्नगत परीक्षा में भूतपूर्व सैनिक उपश्रेणी के अन्तर्गत आयुसीमा में छूट प्रदान करते हुये आवेदन करने का अनुरोध किया गया है। चूंकि भारत सरकार के पत्र दिनांक 10.10.1994 में उल्लिखित प्राविधान को उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अंगीकृत नहीं किया गया हैं। अतः भारत सरकार द्वारा भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों हेतु निर्गत उक्त आदेश प्रश्नगत चयन प्रक्रिया पर लागू न होने के दृष्टिगत अनुरोधकर्ता द्वारा प्रत्यावेदन में किये गये अनुरोध को अस्वीकार्य करते हुए प्रत्यावेदन निस्तारित किया गया है।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।